राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/1375/2023 दिनांकः— 04. मई, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—प्रदेश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में Alumni connect office and portal की स्थापना एवं एल्युमनाई एसोसिएशन को पंजीकृत कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3, उ0 प्र0 शासन लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या—890/सत्तर—3—2023—09(03)/2023 दिनांक—03.05.2023 का अवलोकन करने कष्ट करें (प्रति संलग्न)।

संलग्न पत्र में निर्देशित किया गया है कि सभी महाविद्यालय Alumni connect office and portal बनाये तथा महाविद्यालय से उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों हेतु एल्युमनाई एसोसिएशन बना कर उसे पंजीकृत कराये।

निर्देशानुसार सभी महाविद्यालय उपरोक्तानुसार कार्य सम्पन्न करते हुये अनुपालन आख्या दिनांक—10.05.2023 तक विश्वविद्यालय के ईमेंल—registrar.rmpu@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि संकलित सूचना अपर सचिव, उ0 प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद एवं शासन को प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः—यथोपरि।

भवदीय,

04/5/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0 प्र0 प्रयागराज।
3. अपर सचिव, उ0 प्र0 राज्य, उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।

04.05.23

सहा0 कुलसचिव

अनुस्मारक

IC-2 Alumni connect office and portal

संख्या–890 / सत्तर–3–2023–09(03) / 2023

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
(इंटीग्रल विश्वविद्यालय को छोड़कर)

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक 03 मई, 2023**

विषय : प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में Alumni connect office and portal की स्थापना एवं एल्युमनाई एसोसिएशन को पंजीकृत कराये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–673 / सत्तर–3–2023–09(03) / 2023, दिनांक 06.03.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश स्थित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में Alumni connect office and portal बनाये जाने एवं एल्युमनाई एसोसिएशन को पंजीकृत कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये थे कि 'उक्त के सम्बन्ध में कुलसचिव, समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय अपनी आख्या दो सप्ताह में निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज को उपलब्ध करायें तथा निदेशक, उच्च शिक्षा संकलित रिपोर्ट के साथ अपनी आख्या एक माह में शासन को प्रस्तुत करें।' परन्तु इन्टीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के अतिरिक्त अन्य सभी सम्बन्धित से सूचना / आख्या शासन को अद्यतन अप्राप्त है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में कुलसचिव, समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0 (इन्टीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ को छोड़कर) अपनी आख्या दिनांक 05.05.2023 तक निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज को उपलब्ध करायें तथा निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज संकलित रिपोर्ट के साथ अपनी आख्या दिनांक 12.05.2023 तक शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3– उक्त के अतिरिक्त समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं में एल्युमनाई एसोसिएशन का नियमानुसार पंजीकरण सुनिश्चित कराते हुए उसकी रिपोर्ट दिनांक 12.05.2023 तक अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ एवं शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

संख्या– 890 (1)/सत्तर–3–2023–तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0। (इन्टीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ को छोड़कर)

2– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

3– निजी सचिव, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

4– समस्त उप सचिव/अनु सचिव/अनुभाग अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

5– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

6– अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि एल्युमनाई एसोसिएशन के पंजीकरण विषयक सूचना समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय (इन्टीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ को छोड़कर) से प्राप्त करते हुए समेकित सूचना दिनांक 12.05.2023 तक शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

/

(गिरिजेश कुमार त्यागी)

विशेष सचिव।